न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

प्रकरण संख्या : 58/2010

1. राजेन्द्र पुत्र
2. कैलाश पुत्री
3. कान्ति पुत्री
4. कमला बाई बेवा

} काना जाति कण्डारा निवासीगण मांगरोल जिला बारां

.... प्रार्थीगण

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

....अप्रार्थी

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट बाबत दुरूस्त किये जाने

पीठासीन अधिकारी : श्री प्रमोद कुमार सिंधव (आरएएस)

वकील प्रार्थी : श्री सुनिल कुमार गौड

वकील अप्रार्थी : श्री हरीश राजावत

निर्णय दिनांक : 08.01.2018

दायरा दिनांक: 03.08.2010

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण के पूर्वजो की आराजी खाता संख्या 44 खसरा नं0 2471/2817 रकबा 10 बीघा 12 बिस्वा, खसरा नं0 2571 रकबा 15 बीघा 4 बिस्वा कुला किता 2 रकबा 25 बीघा 16 बिस्वा आराजी वाके ग्राम मांगरोल में स्थित है। सेटलमेंट पश्चात उक्त आराजी के नये खाता संख्या 856 खसरा नं0 4315 रकबा 1.72 है0, खसरा नं0 4329 रकबा 1.38 है0, खसरा नं0 4330 रकबा 0.79 है0, कुल किता 3 रकबा 3.89 है0 कायम किये है। भू-प्रबंधन विभाग द्वारा साबिक खसरा नं0 2571 रकबा 15 बीघा 4 बिस्वा के हाल खसरा नंम्बर किता 2 रकबा 2.17 है0 दर्ज किये गये है जबकि 15 बीघा 4 बिस्वा के 2.46 है0 रकबा दर्ज करना चाहिये था जिसमें 0.29 है0 आराजी कम दर्ज की गयी है। अतः खसरा नं0 4329 रकबा 1.38 है0, खसरा नं0 4330 रकबा 0.79 है0 आराजी में 0.29 है0 की कमी आराजी को बढा कर दर्ज करने एवं प्रार्थीगण के खाते की दुरूस्ती व राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज करने की अनुमति प्रदान करें।

उक्त आशय का प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार मांगरोल से जांच रिपोर्ट ली गयी। तहसीलदार मांगरोल ने अपने पत्र कमांक/भू0अ0/2013/8231 दिनांक 19.07.2013 से अपनी रिपोर्ट में अंकन किया कि ग्राम मांगरोल की भूमि खसरा नं0 2571/2817 रकबा 10 बीघा 12 बिस्वा खसरा नं0 2571 रकबा 15 बीघा 4 बिस्वा कुल किता 2 रकबा 25 बीघा 16 बिस्वा कान्हा, रामकिशन पुत्र रामा कण्डारा के दर्ज रेकार्ड थी जिसके हाल खसरा नं0 4315/1.72, 4329/1.38, 4330/0.79 किता 3 रकबा 3.89 है0 बन्दोबस्त द्वारा दर्ज की गयी थी। वर्तमान में राजेन्द्र पुत्र कान्हा कैलाशी, कान्ती, इन्द्रा पुत्रिया एवं कमला बाई बेवा कान्हा 1/2 रामकिशन पुत्र रामा 1/2 दर्ज रेकार्ड है गत एवं हाल रेकार्ड का मिलान करने पर गत के मुकाबले 0.23 है0 भूमि कम की गयी है। मुताबिक मौका स्थिति प्रार्थी की भूमि खसरा नं0 2571 के पूर्वी तरफ सरकारी नाला निकला हुआ था जो प्रार्थी की भूमि से लगा हुआ था वर्तमान में ड्रेन द्वारा सीधा नाला प्रार्थी की भूमि में होकर निकाल दिया गया था प्रार्थी की साबिक खसरा नं0 2571 के दक्षिणी पूर्वी कोनो को काटते हुए निकाल दी गयी। जिसमें प्रार्थी की भूमि का कुछ भाग ड्रेन से पूर्वी तरफ छोड दिया गया जिस पर प्रार्थी का कब्जा काश्त है इस प्रकार प्रार्थी के साबिक खसरा नं0 2571 रकबा 15 बीघा 4 बिस्वा का हाल खसरा नं0 4329/1.38, 4330/0.89 किता 2 रकबा 2.17 है0 में 0.23 है0 की कमी 0.19 है0 गै0 मु0 ड्रेन में जाने से तथा 0.04 है0 खसरा नं0 4350 रकबा 2.41 है0 में मिलाने से कमी हुई है। इस तरह प्रार्थी को 0.04 है0 की ही पूर्ति किया जाना उचित है। जिसकी पूर्ति खसरा नं0 4350 में से कमी की जा सकती है। तथा खसरा नं0 4350 रकबा 2.41 है0 में से 0.05 है0 गै0 मु0 नाला किया जाना जरूरी है इस प्रकार साबिक खसरा नं0 की पूर्ति हाल खसरा नं0 4350/2.41 में से 0.04 है0 प्रार्थी को तथा 0.05 है0 गै0 मु0 नाला दर्ज किया जाना उचित है।

हमारे द्वारा पत्रावली का अद्योपान्त अवलोकन किया गया। तहसीलदार मांगरोल जो भूमि धारक लैण्ड होल्डर है और राज्य सरकार का पैरोकार है एवं प्रतिवादी है की रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजो पर मनन करने के पश्चात न्यायालय इस निर्णय पर पहुचा है कि ग्राम मांगरोल की खाता संख्या 856 खसरा नं0 4315 रकबा 1.72 है0, खसरा नं0 4329 रकबा 1.38 है0, खसरा नं0 4330 रकबा 0.79 है0, कुल किता 3 रकबा 3.89 है0 भूमि में दौराने सेटलमेंट गत के मुकाबले 0.23 है0 भूमि कम दर्ज की गयी है। मुताबिक तहसीलदार मांगरोल प्रार्थी के साबिक खसरा नं0 2571 रकबा 15 बीघा 4 बिस्वा का हाल खसरा नं0 4329/1.38, 4330/0.89 किता 2 रकबा 2.17 है0 में 0.23

है की कमी 0.19 है0 गै0 मु0 ड्रेन में जाने से तथा 0.04 है0 खसरा नं0 4350 रकबा 2.41 है0 में मिलाने से कमी हुई है। इस तरह प्रार्थी को 0.04 है0 की ही पूर्ति किया जाना उचित है। जिसकी पूर्ति खसरा नं0 4350 में से कमी की जा सकती है। तथा खसरा नं0 4350 रकबा 2.41 है0 में से 0. 05 है0 गै0 मु0 नाला किया जाना जरूरी है इस प्रकार साबिक खसरा नं0 की पूर्ति हाल खसरा नं0 4350/2.41 में से 0.04 है0 प्रार्थी को तथा 0.05 है0 गै0 मु0 नाला दर्ज किया जाना उचित है। प्रार्थीगण ने आराजी में हुए कमी रकबे की पूर्ति हेतु निवेदन किया है। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं आदेश दिया जाता है कि ग्राम मांगरोल की आराजी खसरा नं0 4350 रकबा 2.41 है0 में से 0.05 है0 गै0 मु0 नाला दर्ज किया जावे व ग्राम मांगरोल की आराजी खसरा नं0 4350 रकबा 2.41 है0 में से 0.04 है0 आराजी प्रार्थीगण के खाते दर्ज किये जावें। पत्रावली में निर्णय मजमें आम सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 08.01.2018 को सरे ईजलास मांगरोल मजमेआम में सुनाया गया।